आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज से 25 जनवरी तक 'पराक्रम दिवस' का आयोजन किया गया है।
- गणतंत्र दिवस समारोह और फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मार्च माह की बैरन द्वीप के लिए राउंड क्रूज की घोषणा की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान, वे तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान शहरी आजीविका को मजबूत करने के प्रयासों के तहत, प्रधानमंत्री पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च करेंगे, जो स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वित्तीय समावेशन के अगले चरण का प्रतीक है। यूपीआई से जुड़ी, ब्याज–मुक्त रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा तत्काल नकदी उपलब्ध कराएगी, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगी और लाभार्थियों को औपचारिक क्रेडिट इतिहास बनाने में मदद करेगी।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज से लेकर 25 जनवरी तक 'पराक्रम दिवस–2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन द्वीप समूह के श्री विजयपुरम सहित भारत भर के उन 13 प्रतिष्ठित स्थानों पर किया जाएगा जो नेताजी के जीवन की यात्रा से जुड़े हैं। मुख्य समारोह आज नेताजी स्टेडियम में शाम चार बजे से आरंभ होगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल, एडमिरल डी.के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान पराक्रम दिवस पर प्रधानमंत्री के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में ड्रोन शो और देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएगी।

प्रदर्शनी मैदान में कल और 25 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी और भारत के विभिन्न भागों से आए लोक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान हस्तशिल्प और खान पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कल नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा एक विशेष नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी।

<><><><><><><>

गुप्तापाड़ा में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, मुख्य अभियंता प्रजीत रेख, उनकी तकनीकी टीम और मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने कल गुप्तापाड़ा में एक संयुक्त निरीक्षण किया। टीम ने बुनियादी ढांचे, आवासीय क्षेत्रों और सार्वजनिक संपत्तियों को हुए नुकसान की सीमा की समीक्षा की। अध्यक्ष ने संबंधित विभागों से प्राथमिकता के आधार पर विस्तृत अनुमान और प्रस्ताव तैयार करने का अनुरोध किया। मुख्य अभियंता ने प्रस्तावित कार्यों के समय पर निष्पादन की सुविधा के लिए तकनीकी मूल्यांकन में तेजी लाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

जल संरक्षण और पेयजल के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अंडमान लोक निर्माण विभाग ने मुख्य अभियंता टी. के. प्रजीत रेख के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य स्थानीय जनता को आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाना था। रैली को संबोधित करते हुए मुख्य अतिभयंता ने उत्तर–पूर्वी मानसून में आई भारी कमी और पूरे क्षेत्र में जल उपलब्धता एवं आपूर्ति वितरण पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। इसी तरह की रैली भातुबस्ती क्षेत्र में भी आयोजित की गई।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र में कल शाम 5.30 बजे से स्काई शो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बृहस्पति ग्रह और शनि ग्रह के बारे में जानकारी दी जाएगी। आम जनता बृहस्पति ग्रह और उसके उपग्रहों को देखने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। स्काई शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 10 रुपये है। इसके अलावा, शाम छ बजकर पन्द्रह मिनट पर एक बबल शो और शाम साढ़े पांच बजे और छ बजकर दस मिनट पर विशेष 3 D शो होगा। बबल शो और 3D शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रति व्यक्ति 10 और 20 रुपये निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कल होने वाली फुल ड्रेस रिहर्सल और छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए यातायात व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल का काफिला फायर ब्रिगेड क्रॉसिंग, विकास भवन, स्काउट हट जंक्शन, वाई नारायण जंक्शन होते हुए सेल्यूलर जेल पहुंचेगा। सेल्यूलर जेल शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि समारोह के बाद, यह काफिला सेल्यूलर जेल, वाटर स्पोर्ट्स ट्राई–जंक्शन से होते हुए मरीना पार्क पहुंचेगा। 'पी' ग्रीन पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को मरीना पार्क गेट के बच्चों के यातायात पार्क के पास पार्क करने होंगे।. 'पी' पिंक पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को स्विमिंग पूल पार्किंग क्षेत्र में पार्क करना होगा। पी–1 कार्डधारक वाहनों को नेताजी स्टेडियम के भीतर और नेताजी स्टेडियम पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने होंगे। ऐसे कार्डधारकों को तरणताल के आखिरी छोर के दाहिने ओर बैठने की अनुमति होगी। अन्य सभी वाहन जिनमें कोई पार्किंग लेबल नहीं होगा, उन्हें नेताजी स्टेडियम के भीतर बहुउद्देशीय सभागार के नजदीक वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर से आने–जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, ए.पी.डब्लू.डी क्रॉसिंग से मुरगन मंदिर के रास्ते शादीपुर जंक्शन तक जाना होगा। भारी वाहनों और बसों को सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट के रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। सुबह आठ बजे के बाद समारोह की समाप्ति और अतिथियों तथा परेड के प्रस्थान करने के बाद ही अन्य वाहनों को छोड़ा जाएगा। एम्बुलेंस तथा आपातकालीन चिकित्सा के वाहनों को जी.बी. पंत अस्पताल जाने के लिए वाई–नारायण जंक्शन और सेल्यूलर जेल के रास्ते जाने की अनुमति रहेगी। यह मार्ग अन्य वाहनों के लिए सुबह आठ बजकर पांच मिनट से आठ बजकर पैंतीस मिनट तक बंद रहेगा। जी.बी. पंत अस्पताल के भीतर मौजूद वाहनों को सुबह सात बजे से लेकर दस बजे तक अस्पताल के पिछले द्वार से डिगनाबाद समुद्री सी–शोर के रास्ते जाने की अनुमति होगी। परेड में शामिल दस्ते को गर्ल्स स्कूल जंक्शन में उतारने के बाद ऐसे वाहनों को फायर ब्रिगेड की ओर जाना होगा और समाप्ति के बाद ही उन्हें अपने–अपने इकाईयों की ओर रवाना किया जाएगा।

<><><><><><><><>

उनतीस जनवरी को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए 27 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल परेड होगा। इसके लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहन नेताजी स्टेडियम के अंदर पार्क किए जाएंगे। "पी" कार्ड धारक अपने वाहन अंडमान क्लब के पास और साई स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने पार्क कर सकते हैं। "पी–वन" पार्किंग कार्ड धारक वाहन मॉडल स्कूल, घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग से नेताजी स्टेडियम पहुंचेंगे।

बिना लेबल वाले वाहनों को गर्ल्स स्कूल के पास खड़ा करना होगा। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट और इसके विपरीत जाने वाले वाहनों को शाम साढ़े चार बजे से समारोह समाप्त होने तक मॉडल स्कूल क्रॉसिंग, एपीडब्ल्यूडी क्रॉसिंग, मुरुगन मंदिर, सिद्दीकी जंक्शन से शादीपुर जंक्शन के रास्ते से जाना होगा।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मार्च माह के लिए बैरन द्वीप के लिए राउंड क्रूज की घोषणा की है। जहाज नालंदा 13 और 27 मार्च को रात 9 बजे रवाना होगा। टिकटों की बुकिंग विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। यह सुविधा कल सुबह 9 बजे से उपलब्ध रहेगी। उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए QR कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>